# बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय
**BIHAR UNIVERSITY OF HEALTH SCIENCES**
मीठापुर, पटना–800 001 (बिहार)
Tel-0612-2356912, 2356913, Email-registrarbuhs-bih@gov.in


पत्रांक—परीक्षा—1—4145 / 2025—

प्रेषक,

डॉ० अनिल शांडिल्य
परीक्षा नियंत्रक
बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना।

सेवा में,

प्राचार्य / निर्देशक
विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी फार्मेसी महाविद्यालय / संस्थान, बिहार।

पटना, दिनांक—.....................

विषयः **B. Pharm. 3rd Semester Examination, 2024 एवं B. Pharm. 1st Semester Examination, 2024 के प्रायोगिक परीक्षा (बाह्य एवं आंतरिक) का अंक विश्वविद्यालय के चाणक्या पोर्टल पर ऑनलाइन करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि B. Pharm. 3rd Semester Examination, 2024 एवं B. Pharm. 1st Semester Examination, 2024 की सैद्धांतिक परीक्षा जनवरी 2026 में संपन्न करायी गयी। तद्उपरांत, प्रायोगिक परीक्षा जनवरी एवं फरवरी 2026 में संबंधित फार्मेसी महाविद्यालयों द्वारा संपन्न कराई जा चुकी है। ज्ञातव्य है कि प्रायोगिक परीक्षा का अंक विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अंकित किया जाना था। इस हेतु दिनांक—09.02.2026 से 25.02.2026 तक, दिनांक—06.03.2026 से 13.03.2026 तक, दिनांक—23.06.2026 से दिनांक—29.06.2026 तक एवं दिनांक—24.07.2026 से 27.07. 2026 तक चाणक्या पोर्टल अंक के प्रविष्टि हेतु खोला गया था। परंतु कुछ महाविद्यालओं / संस्थानों को छोड़कर शेष अधिसंख्य महाविद्यालओं / संस्थानों द्वारा विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल पर उक्त अंक अंकित / ऑनलाइन नहीं किया गया है। जिसके कारण विश्वविद्यालय को उक्त दोनों परीक्षा का परीक्षाफल प्रकाशित करने में काफी कठिनाइयाँ हो रही है। उक्त दोनों परीक्षा का परीक्षाफल प्रकाशित नहीं होने से संबंधित छात्र / छात्राओं में काफी आक्रोश है।

अतः सभी फार्मेसी संस्थानों / महाविद्यालयों का अंतिम रुप से सूचित किया जाता है कि पुनः **दिनांक—10.08.2026 से 11.08.2026 तक अंतिम बार** B. Pharm. 3rd Semester Examination, 2024 एवं B. Pharm. 1st Semester Examination, 2024 के प्रायोगिक परीक्षा (बाह्य एवं आंतरिक) का अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑलनाईन अंकित करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोला जा रहा है। उक्त अविधि में जिन फार्मेसी महाविद्यालओं / संस्थानों के द्वारा उक्त दोनों परीक्षाओं का प्रायोगिक परीक्षा (बाह्य एवं आंतरिक) अंक विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल पर अंकित नहीं किया जाएगा, उस महाविद्यालय / संस्थान का परीक्षाफल प्रकाशित नहीं किया जा सकेगा एवं उसकी सारी जिम्मेवारी संबंधित महाविद्यालय / संस्थान की होगी।

विश्वासभाजन

ह0 / –
**(डा0 अनिल शांडिल्य)**
परीक्षा नियंत्रक
बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना।

**ज्ञापांक– परीक्षा–1–4145/2025–**1563 **पटना, दिनांक–**07/08/26

प्रतिलिपि – माननीय मुख्यमंत्री–सह–कुलाधिपति, बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि – सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

07/08/2026

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना।